राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद

3, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया,
अगस्त क्रांति मार्ग, पी0बी0नं.2,
हौज खास,
नई दिल्ली–110016

5–1/2019–हिंदी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　22.08.2019

परिपत्र

कार्यालीय कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरुकता बनाए रखने तथा भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में उल्लिखित दिशा निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद, मुख्यालय द्वारा 02 से 16 सितंबर 2019 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान 02.09.2019 को हिंदी पखवाड़ा का शुभारम्भ किया जाएगा। इस कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए परिषद में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी कविता पाठ, गीत, गजल या अभिनय आदि प्रस्तुत करेंगे जिसके लिए प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

पखवाड़े के दौरान हिंदी **'टिप्पण–आलेखन'**, **'हिंदी निबंध लेखन'** एवं **'कथा–कहानी कहो अपनी जुबानी'** प्रतियोगिताएं एवं **हिंदी कार्यशाला** का भी आयोजन किया जाएगा। हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों/गतिविधि एवं प्रतियोगिताओं की सूची एवं समय सारणी संलग्न है

पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मोमेन्टो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए सांत्वना पुरस्कार स्वरुप एक लधु मोमेन्टो भी दिया जाएगा। प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर पुरुस्कार रुप में दिए जाने वाले मोमेन्टो की संख्या की जानकारी अगले पृष्ठ पर दी गई है :–

प्रतिभागी	पुरस्कार
4 से 5 प्रतिभागियों पर	एक प्रथम पुरस्कार स्वरुप मोमेन्टो एवं सांत्वना पुरस्कार स्वरुप लघु मोमेन्टो
6 प्रतिभागियों पर	दो पुरस्कार- प्रथम एवं द्वितीय पुरुस्कार स्वरुप मोमेन्टो तथा सांत्वना पुरस्कार स्वरुप लघु मोमेन्टो
7 एवं अधिक प्रतिभागियों पर	तीन पुरस्कार– प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार स्वरुप मोमेन्टो तथा सांत्वना पुरस्कार स्वरुप लघु मोमेन्टो

हिंदी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता एवं हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए एक–एक घंटे का समय दिया जाएगा। निबंध की रुपरेखा प्रस्तावना, विषय प्रतिपादन, उपसंहार आदि के आधार पर लिखी जाएगी। निबंध का विषय शीघ्र बताया जाएगा।

परिषद में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे जिस गतिविधि/प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं उनके संदर्भ में अपना नाम लिखित रुप से सहायक निदेशक (राजभाषा) को यथाशीघ्र 28.08.2019 तक भिजवा दे ताकि इनके आयोजन संबंधी आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

आप सभी से यह भी अनुरोध है कि राष्ट्रीय प्रशिक्षण परिषद मुख्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक अधिक से अधिक संख्या में भाग लेते हुए इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें।

मोहन कुमार मिश्रा
(मोहन कुमार मिश्रा) 23.8.2019
सचिव

संलग्नः उपर्युक्त

समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद,
नई दिल्ली

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद

हिंदी पखवाड़ा

02–16 सितंबर, 2019

पखवाड़े के दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न
कार्यक्रमों / प्रतियोगिताओं की समय सारणी

क्र.स.	कार्यक्रम / प्रतियोगिता	दिनांक एवं दिन	समय एवं स्थान
1.	हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन	02.09.2019 (सोमवार)	मुख्य अतिथि / वरिष्ठ अधिकारियों की सुविधानुसार (परिषद का सम्मेलन कक्ष)
2.	हिंदी टिप्पण / आलेखन प्रतियोगिता	05.09.2019 (गुरुवार)	पूर्वाह्न 11:00 बजे (परिषद का सम्मेलन कक्ष)
3.	हिंदी निबंध प्रतियोगिता	09.09.2019 (सोमवार)	पूर्वाह्न 11:30 बजे (परिषद का सम्मेलन कक्ष)
4.	हिंदी कार्यशाला	अतिथि वक्ता की सुविधानुसार	अतिथि वक्ता की सुविधानुसार (परिषद का सम्मेलन कक्ष)
5.	कथा-कहानी कहो अपनी जुबानी प्रतियोगिता	11.09.2019 (बुधवार)	निर्णायकों की सुविधानुसार (परिषद का सम्मेलन कक्ष)
6.	हिंदी दिवस समारोह	16.09.2019 (सोमवार)	मुख्य अतिथि की सुविधानुसार (परिषद का सम्मेलन कक्ष)